विद्यार्थियों को बताया पुस्तकों का महत्व

साढौरा। डीएवी कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन लाइब्रेरियन डॉ. राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के संचय, लाइब्रेरी के इतिहास और वर्तमान व भविष्य में आईसीटी की लाइब्रेरी में भूमिका पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न ऑनलाइन रीडिंग एप के बारे में बताया। एनएसएस प्रभारी प्रो. डॉ. योगेश मोहन एवं डॉ. अनुपम खन्ना ने आईसीटी के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया। विद्यार्थियों को इंटरनेट के सीमित उपयोग की सलाह दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने सैदपुर में जाकर ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी एप की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से इंटरनेट युग में खुद को तकनीक से जोड़े रखना पर चर्चा की। संवाद